## आपने पढ़ा

- दो वर्णों के मेल से जो विकार या परिवर्तन होता है, उसे संधि कहते हैं।
- संधि तीन प्रकार की होती हैं– 1. स्वर संधि 2. व्यंजन संधि 3. विसर्ग संधि।
- स्वर संधि के पाँच उपभेद हैं– दीर्घ संधि, गुण संधि, वृद्धि संधि, यण संधि और अयादि संधि।
- व्यंजन संधि में व्यंजन और स्वर के आमने-सामने आने पर विकार होता है।

# अभ्यास



## बहुवैकल्पिक प्रश्न

सही विकल्प चुनें :

1. चंद्रोदय
   (क) चंद्रो + दय (ख) चंद्रा + उदय (ग) चंद्र + उदय (घ) चंदो + उदय
2. निश्चल
   (क) निर् + चल (ख) निः + चल (ग) निस् + चल (घ) निश् + चल
3. शिक्षार्थी
   (क) शि + क्षार्थी (ख) शिक्ष + अर्थी (ग) शिक्षा + अर्थी (घ) शिक्षा + र्थी
4. न्यायालय
   (क) न्याय + आलय (ख) न्याय + लय (ग) न्याया + लय (घ) न्याय + लाय
5. निष्पाप
   (क) निस् + पाप (ख) निः + पाप (ग) निज + पाप (घ) निष् + पाप
6. मनोकामना
   (क) मनोः + कामना (ख) मनः + कामना (ग) मनोका + मा (घ) मन + कामना
7. दंतौष्ठ
   (क) दंत + ओष्ठ (ख) दंता + औष्ठ (ग) दंतौ + ष्ठ (घ) दंतौ + ओष्ठ
8. स्वच्छ
   (क) स्व + अच्छ (ख) सु + अच्छ (ग) स्व + च्छ (घ) स्व + छ

## बोधात्मक प्रश्न

1. संधि किसे कहते हैं?
2. संधि के मुख्यतः कितने भेद हैं? भेदों के नाम लिखें।
3. स्वर संधि के कितने उपभेद हैं? सभी के नाम लिखें।
4. विसर्ग संधि किसे कहते हैं? दो उदाहरण देकर स्पष्ट करें।
5. व्यंजन संधि किसे कहते हैं? दो उदाहरण देकर स्पष्ट करें।